डू-इट-योरसेल्फ गिफ्ट्स

यद्यपि रीति-रिवाज और परंपराएं भिन्न हो सकती हैं, फिर भी दुनिया भर में लोग विशेष अवसरों को मनाने तथा सराहना और कृतज्ञता दिखाने के लिए एक-दूसरे को उपहार देते हैं। कारण चाहे जो हो, उपहार देना — और उन्हें बनाना भी, बहुत मज़ेदार हो सकता है।

यहां पांच हस्तनिर्मित उपहारों के सुझाव दिए गए हैं।

स्वादिष्ट डिनर या मिठाइयाँ — चाहे आपकी अपनी खास डिश हो या पारंपरिक व्यंजन, आप कोई रेसिपी ऑनलाइन हमेशा पा सकते हैं जिसे बना कर साझा कर सकते हैं। किसी भी संभावित आहार प्रतिबंधों या दिशा-निर्देशों के बारे में अवश्य पता करें और उसका पालन करें।

कुछ खास सिलें — अगर आप सिलाई, बुनाई या कढ़ाई कर सकते हैं, तो आप कई तरह के अनोखे शिल्प बना सकते हैं, जैसे कंबल, मेज़पोश, स्वेटर, टोपी, स्कार्फ, मिट्टेंस, भरवां खिलौने तथा अन्य बहुत कुछ।

फोटो कोलाज बनाएं — डिजिटल या प्रिंट फोटो एल्बम या कोलाज में प्यारी तस्वीरें इकट्ठा करने और व्यवस्थित करने के लिए समय निकालें। आप साथ बिताए गए समय की यादें साझा कर सकते हैं या कोई ऐसी थीम बना सकते हैं जिसके बारे में आपको पता हो कि उस व्यक्ति को पसंद आएगा।

प्लेलिस्ट बनाएँ — अवसर को यादगार बनाने, अच्छे समय को याद करने या उत्साहवर्धक मूड सेट करने के लिए, एक ऐसे प्लेटफ़ॉर्म पर जिसपर वे आसानी से पहुँच सकें, गानों का एक समूह चुनें और प्लेलिस्ट बनाएँ। या, अगर आपमें संगीत प्रतिभा है, तो उनके लिए कुछ सार्थक संगीत बजाएं।

उनका स्थान सुरक्षित करें — एक सजावटी, सुडौल बुकमार्क पाठकों को पृष्ठ को मोड़े बिना अपना स्थान सुरक्षित रखने का एक आसान तरीका देता है। आप इन्हें लगभग किसी भी चीज़ से बना सकते हैं — किसी सामग्री के टुकड़े, धागे, कागज़, दबा कर सुखाए गए फूल, तरासी गई लकड़ी — यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि आपके पास क्या है और आपकी कल्पनाशक्ति कितनी है।

रचनात्मक और कलात्मक बनें

उन सभी तरीकों पर विचार करें जिनसे आप किसी और के लिए कुछ खास बना सकते हैं। हाथ से लिखे धन्यवाद नोट से लेकर रंगीन ड्राइंग, पेंट की गई चट्टान या कलात्मक तरीके से मोड़े गए कागज तक, बहुत से लोग सहमत हैं कि: विचार मायने रखता है और संजोए जाने योग्य है।

मनोरंजक गतिविधि: किसी का दिन रोशन करने हेतु कागज़ का फूल बनाने के लिए इन सरल निर्देशों का पालन करें:[1]

1. कागज़ को एक वर्गाकार आकार में काटें।
2. वर्गाकार कागज़ को आधे में तिरछा मोड़कर त्रिभुज बनाएँ।
3. त्रिभुज को आधे में मोड़ें।
4. मोड़ खोलें और सुनिश्चित करें कि मुड़ी हुई रेखा ऊपर की ओर हो।
5. त्रिभुज के आधार पर स्थित बिंदुओं को ऊपर की ओर मोड़ें।
6. अपने फूल को पलट दें।
7. फूल के किनारों को पीछे की ओर मोड़ें।
8. अपना फूल पलट दें — देखो बन गया!

1. Toucan Box, Easy Origami Flower Craft For Kids. 23 सितंबर, 2024 को एक्सेस किया गया।
AARP, 10 DIY Holiday Gifts for Friends, Family. 8 दिसंबर, 2020।
PBS Kids for Parents, DIY Gift Ideas for the Holiday Season. 15 नवंबर, 2023।
Ripple Kindness Project, 11 Easy DIY Gifts to Help Kids Learn the Meaning of Giving. 20 सितंबर 2024 को एक्सेस किया गया।

© 2024 Optum, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित। WF14698731 330414-102024 OHC

Optum